Department of Physical Education

Janta Vedic College, Baraut, Baghpat – 250611

Best Practice: Promotion of Rural Sports

Objectives:

- To revive indigenous sports.
- To inculcate healthy and fitness-related habits among youth.
- To identify and nurture rural sports talent.
- To promote community participation and cultural heritage.

Activities

Yoga

Wrestling (In Akhara)

Rope Skipping

Indian Style Push-Ups

Volleyball

Tug of War

Kabaddi

Wrestling on Mat



Outcomes/ Conclusion:

जनता वैदिक कॉलेज ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

बलवान सिंह ककोर ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

बड़ौत (सच कहूँ न्यूज)। जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत में आयोजित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से संबद्ध महाविद्यालयों की दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जनता वैदिक कॉलेज और एन ए एस कॉलेज मेरठ के बीच खेला गया। इसमें जनता वैदिक कॉलेज ने एन ए एस कॉलेज को 38-20 के अंतर से हराकर सत्र 2025-26 की प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन की शुरूआत अमर सिंह कॉलेज लखावटी और जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत के बीच लीग मैच से हुई, जिसमें जनता वैदिक कॉलेज ने 30-18 से जीत दर्ज की। इसके बाद लीग मैचों में एन ए एस कॉलेज मेरठ ने मेरठ कॉलेज को 36-07 और अमर सिंह कॉलेज लखावटी को 29-12 से हराया। जनता वैदिक कॉलेज ने मेरठ कॉलेज को 47-13 और मेरठ कॉलेज ने अमर सिंह कॉलेज को 21-09 से पराजित किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एवं पूर्व प्रशिक्षक कबड्डी बलवान सिंह ककोर ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की और कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन की भावना, शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ता विकसित करने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन डॉ. गीता तालियान ने किया। तकनीकी अधिकारियों के रूप में रामपाल, अनिल कुमार, परविंदर, धीरज, धर्मेंद्र, राकेश कुमार और रिशिपाल ने योगदान दिया। आयोजन सचिव डॉ. अनंत काल खंडे ने समस्त अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में पूर्व प्राचार्य डॉ. अरुण सोलंकी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. गजेंद्र प्रताप सिंह, उप-प्राचार्य डॉ. मदनपाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. रघुराज सिंह, कार्यालय अधीक्षक श्री सोविंदर मालिक सहित अन्य सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा।

हिन्दुस्तान

कुश्ती में जेवी कॉलेज के पहलवानों का रहा दबदबा

अंतर महाविद्यालय

बड़ौत, संवाददाता। जनता वैदिक कॉलेज में चल रही दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय कुश्ती (पुरुष-महिला) प्रतियोगिता का समापन हो गया।

महिला फ्री-स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध 10 महाविद्यालयों की 17 महिला प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग की ग्रीको-रोमन कुश्ती प्रतियोगिता में 13 महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। महिलाओं की फ्री-स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता की शुरुआत 50 किलोग्राम भार वर्ग से हुई। रूद्रा संस्थान हापुड़ की अंशिका ने चौधरी चरण सिंह राजकीय डिग्री कॉलेज छपरौली की रूबी को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।



कुश्ती में दमखम आजमाते पहलवान।

विजेता पहलवानों को पुरस्कृत करते अतिथि।

55 किलोग्राम भार वर्ग में एनपीसीईई कॉलेज नोएडा की अंजलि ने जनता वैदिक कॉलेज की अक्षिता को हराया। 59 किलोग्राम भार वर्ग में एनएएस कॉलेज मेरठ की प्रियंका ने जनहित संस्थान मेरठ की रूबी को पराजित किया। 62 किलोग्राम भार वर्ग में जनता वैदिक कॉलेज की नेहा ने गोल्ड जीता। 76 किलोग्राम भार वर्ग में केएमपीजी कॉलेज बादलपुर की रौनक नागर ने बीआईटी मेरठ की प्रगति चौधरी को हराया। पुरुषों की ग्रीको-रोमन स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में 55 किलोग्राम भार वर्ग में मेरठ कॉलेज मेरठ के दीपक यादव ने गोल्ड जीता। 60 किलोग्राम वर्ग में राजकीय डिग्री कॉलेज छपरौली के शादाब ने एमएमएच गाजियाबाद के विशाल यादव को हराया। 63 किलोग्राम भार वर्ग में एनएएस कॉलेज मेरठ के विशाल तोमर, 67 किलोग्राम भार वर्ग में रितिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 72 किलोवर्ग में जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत के सौरभ राणा ने प्रथम, 77 किलो में मेरठ कॉलेज मेरठ के निशांत मलिक, 82 किलो वर्ग में एनसीपीईई कॉलेज नोएडा के जतिन कुमार, 87 किलोग्राम भार वर्ग में एनएएस कॉलेज मेरठ के मानव शर्मा, 97 किलोग्राम भार वर्ग में जनता वैदिक कॉलेज के रितिक, 130 किलो में अक्षय राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समिति के अध्यक्ष वीरेंद्रपाल, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र प्रतापसिंह ने विजेताओं एवं उपविजेताओं को पुरस्कृत किया। संचालन डॉ गीतारानी ने किया। इस अवसर पर डॉ अनंत कुमार कालखंडे, उप प्राचार्य डॉ मदनपाल, पूर्व प्राचार्य डॉ अरुणकुमार सोलंकी, डॉ जीपी सिंह, डॉ देवेश गुप्ता, डॉ लोकेंद्र सिंह, डॉ रकम सिंह, डॉ अनिल, डॉ मनोज रहे।